आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 29.11.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने सौ करोड़ रुपए के व्यय के साथ ऋषिकेश में राफ्टिंग बेस स्टेशन परियोजना को मंजूरी दी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा –– ग्रामीण विज्ञान, भारतीय ज्ञान–विज्ञान परंपरा और आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर सरकार नवाचार और शोध को प्रोत्साहित कर रही है।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी मेंकहा –– मार्च 2026 तक देश से वामपंथी उग्रवाद को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा।
- प्रदेश में विद्यालयी शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों औरं कार्मिकों के विवरण के रखरखाव के लिए मानव सम्पदा पोर्टल बनाया जाएगा।

<u>मंजूरी</u>

केंद्र सरकार ने देश में प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए लगभग तीन हजार तीन सौ करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।
इसके तहत उत्तराखंड के लिए प्रतिष्ठित शहर ऋषिकेश : राफ्टिंग बेस स्टेशन परियोजना को स्वीकृति दी है। इस परियोजना पर सौ करोड़ रुपए खर्च किए जांएगे।
23 राज्यों में फैली इन परियोजनाओं के लिए राज्यों को विशेष सहायता दी जाएगी जिस पर 50 वर्ष तक कोई ब्याज नहीं देना होगा। परियोजना में, पर्यटन स्थलों पर भीड़–भाड़ नियंत्रित करना, पर्यटन स्थलों को उन्नत तकनीकों से लैस करना तथा आगंतुकों के अनुभव को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक–निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करना शामिल हैं।

<u>मानव संपदा पोर्टल</u>

प्रदेश में विद्यालयी शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों औरं कार्मिकों के पूरे विवरण के रखरखाव के लिए जल्द ही मानव सम्पदा पोर्टल बनाया जाएगा। इसमें कार्मिकों के पूरे सेवाकाल का लेखा–जोखा सुरक्षित रहेगा। देहरादून में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने सभी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों के पूरे सेवाकाल का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने के लिए 'मानव सम्पदा' पोर्टल बनाने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति–2020 के तहत शिक्षकों और कार्मिकों के स्थानांतरण भी ऑनलाइन किये जायेंगे और इसके लिये सभी कार्मिकों का डाटा एक ही प्लेटफार्म पर उपलब्ध होना जरूरी है। इससे स्थानांतरण और पदोन्नति में पारदर्शिता के साथ ही समय की बचत होगी।

गृह मंत्री संबोधन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद और मादक पदार्थों के मामले में बड़ी कामयाबी मिली है। कल मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी के 99वें फाउंडेशन कोर्स के दीक्षांत समारोह में श्री शाह ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की सख़्त नीतियों के परिणाम अनुकूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक वामपंथी उग्रवाद को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा।

श्री शाह ने कहा कि देश के समक्ष चार बड़ी चुनौतियां हैं। इनमें जम्मू–कश्मीर में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद, पूर्वोत्तर में घुसपैठ और  मादक पदार्थ शामिल हैं। श्री शाह ने कहा कि 150 वर्ष पुराने ब्रिटिशकालीन कानूनों की जगह तीन नए फौजदारी कानूनों के लागू होने से सज़ा की दर 90 प्रतिशत तक बढने की संभावना है।

सेना भर्ती

चम्पावत जिले के बनबसा स्थित सेना परिसर में सेना भर्ती का आयोजन किया गया है। पहले चरण में 28 नवम्बर से 30 नवम्बर तक सेना में धार्मिक शिक्षकों की भर्ती की जा रही है। इसके बाद पहली से छह दिसंबर तक सेना में अग्निवीर भर्ती की जानी है। सेना भर्ती के निदेशक कर्नल राहुल मेलगे ने बताया कि पहले दो दिन धार्मिक शिक्षको की दौड़ व शाररिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें उतर प्रदेश और उत्तराखण्ड के सभी जिलों के ऑनलाइन सीईई परीक्षा पास अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। भर्ती रैली के लिए पुलिस ने व्यापक प्रबंध किए हैं। जिले के पुलिस क्षेत्राधिकारी शिवराजसिंह राणा ने बताया कि अग्निवीर भर्ती में हर दिन आठ सौ से पन्द्रह सौ तक अभ्यर्थियों हिस्सा लेंगे।

पत्रकार वार्ता

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा है कि राज्य के मूल स्वरूप को नया भू–कानून सरंक्षित करेगा। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को राजनीति से ऊपर उठते हुए अब राज्यहित में आगे आने का साहस दिखाने की जरूरत है। देहरादून में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार राज्य की संस्कृति और स्वरूप को सरंक्षित रखने के लिए कई कदम उठा चुकी है। इसमें लैंड जिहाद, धर्मांतरण जैसे ऐतिहासिक कानून अस्तित्व में आए हैं। अब राज्य की भूमि को अवैध खरीदारों से मुक्त कराने में सरकार जुटी है।

## राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार ग्रामीण विज्ञान, भारतीय ज्ञान–विज्ञान परंपरा और आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर नवाचार और शोध को प्रोत्साहित कर रही है। वे दून विश्वविद्यालय में 19वें राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन–2024 को संबोधित कर रहे थे।

श्री धामी ने कहा कि यह सम्मेलन पिछले पिछले उन्नीस सालों से राज्य में विज्ञान और नवाचार को प्रोत्साहित करने के साथ युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष सम्मेलन में उत्तराखण्ड में जल और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण जैसे प्रासंगिक और महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा होगी, जो जलवायु परिवर्तन और बढ़ती हुए जनसंख्या को देखते हुए बेहद ज़रूरी है।

## वक़्फ संशोधन विधेयक

लोकसभा ने वक़्फ संशोधन विधेयक संबंधी संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल वर्ष 2025 के बजट सत्र के अंतिम दिन तक बढ़ा दिया है। समिति के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के सांसद जगदम्बिका पाल के प्रस्ताव को सदन ने ध्वनि–मत से पारित कर दिया।

वक़्फ संशोधन विधेयक–2024 में कई महत्वपूर्ण सुधारों का प्रस्ताव किया गया है। इनमें रिकॉर्डों को डिजिटाइज करना, उचित लेखापरीक्षा, पारदर्शिता में वृद्धि और गैर–क़ानूनी तरीक़े से बनाई गई वक़्फ संपत्ति को वापस लेने संबंधी कानूनी व्यवस्था शामिल हैं। विधेयक का उद्देश्य देशभऱ में वक़्फ संपत्तियों के प्रबंधन में सुधार और उनका विनियमन करना है।

## पिंक टॉयलेट निर्माण

देहरादून शहर में पलटन बाजार और अन्य व्यस्त क्षेत्रों में जल्द ही पिंक टॉयलेट्स का निर्माण शुरू किया जाएगा ताकि महिलाओं को सार्वजनिक शौचालयों में सुविधा और सुरक्षा मिल सके। यह पहल जिला प्रशासन द्वारा महिलाओं की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शुरू की जा रही है।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि कई स्थानों पर चिन्हित जगहों पर इन टॉयलेट्स का निर्माण जल्द शुरू होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि महिलाओं और पुरुषों के टॉयलेट्स के लिए अलग–अलग रंग कोड निर्धारित किए जाएंगे, जिससे शौचालय पहचानने में मदद मिलेगी। इसके अलावा जिन स्थानों पर पहले से शौचालय मौजूद हैं, उनकी मरम्मत और सुधार का कार्य भी जल्द किया जाएगा।

गिरफ्तारी

नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत की जा रही सघन चेकिंग के दौरान हरिद्वार जिले में पुलिस ने अलग–अलग स्थानों से तीन नशा तस्कर गिरफ्तार किए हैं। इनके पास से बड़ी मात्रा में लाखों रुपए कीमत की स्मैक बरामद की गई है।

इधर, उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स ने देहरादून के सेलाकुई क्षेत्र में ड्रग तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए महिला सहित दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो किलो 100 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई है। यह अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर नेटवर्क उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले से संचालित हो रहा था।

शिविर स्थगित

चमोली ज़िले के पिण्डवाली में कल आयोजित होने वाले बहुउद्देशीय शिविर को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। अब यह शिविर सात दिसम्बर को पूर्वाह्न ग्यारह बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में आम लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निस्तारण किया जाएगा और विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे।